









# दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन

दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में गत दिनों छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। उक्त समारोह में पहली से दसवीं कक्षा तक के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्कॉलर बैज देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में मातृ वंदना (समूह–गान) तथा कविता गायन की प्रस्तुति दी गई, तत्पश्चात प्रधानाचार्य द्वारा छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में 90 विद्यार्थिओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा आयोजित दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इस श्रेणी में एस आकाश, आशीष कुमार, मोहित कुमार गुप्ता, अभिरूप सरन, तियासा चटर्जी को पुरस्कृत किया गया।

उपस्थिति एवं समय-बद्धता के प्रति छात्रों को सजग करने के उद्देश्य से 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्रों को प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सूची के अंतर्गत कक्षा प्रेप की अर्पिता बर्मन तथा कक्षा 5 की लिपिका दत्ता को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने कहा कि सफलता प्राप्त करने में अन्य साधनों के साथ–साथ शिक्षा का अहम योगदान होता है। शिक्षा ही उन सभी मार्गों को प्रशस्त करती है, जो सफलता की ओर जाते हैं। इसलिए कठिन परिश्रम से शिक्षा अर्जन को अपना लक्ष्य बनाकर चलना एक छात्र का धर्म होना चाहिए। ■

